# चम्पारण ज्ञानाग्रह

**प्रार्थना-सभा सामग्री, दिनांक– 06 अप्रैल 2026, अंक –251.**

**प्रस्तुतिः- GOVT. PS बोदसर, बगहा-2, प. चम्पारण (10010803702)**

**सौजन्य :- "TEACHERS OF BIHAR - THE CHANGE MAKERS."**




"अच्छे विचार महान व्यक्तित्व बनाते हैं।"
— महात्मा गांधी



विद्यार्थियों की बौद्धिक और नैतिक उन्नति की ओर....

**संपादकः- शैलेन्द्र कुमार**



www.teachersofbihar.org

अनुभाग-1

# "प्रार्थना-सभा सामग्री"

## Monday Prayer

सुबह सवेरे लेकर तेरा नाम प्रभु,
करते हैं हम शुरु आज का काम प्रभु।

सदा हमारे सिर पर तेरा हाथ रहे,
हर सुख-दुख संकट में तेरा साथ रहे,
हां, हर सुख-दुख संकट में तेरा साथ रहे;
खुशियों का हो जीवन में आयाम प्रभु,
करते हैं हम शुरु आज का काम प्रभु।
सुबह सवेरे लेकर तेरा.....

मिलकर इस धरती को चमन बनाएं हम,
गांधी, गौतम, रामकृष्ण बन जाएं हम।
हां, गांधी, गौतम, रामकृष्ण बन जाएं हम;
यही हमारा हो हरदम पैगाम प्रभु,
करते हैं हम शुरु आज का काम प्रभु।
सुबह सवेरे लेकर तेरा...

मात-पिता की सेवा और सम्मान करें,
उनकी खुशियों पर सब कुछ कुर्बान करें।
हां, उनकी खुशियों पर सब कुछ कुर्बान करें।
अच्छे कर्म का अच्छा परिणाम प्रभु,
करते हैं हम शुरु आज का काम प्रभु।
सुबह सवेरे लेकर तेरा.....

शुद्ध भाव से तेरा ध्यान लगाएं हम,
विद्या का वरदान तुम्हीं से पाए हम।
हाँ, विद्या का वरदान तुम्हीं से पाए हम।
तुम्ही से है आगाज़ तुम्हीं से अंजाम प्रभु,
करते है हम शुरु आज का काम प्रभु।
सुबह सवेरे लेकर तेरा.....

गुरुओं का सत्कार कभी न भूले हम,
इतना बनें महान गगन को छु ले हम।
हाँ, इतना बनें महान गगन को छु ले हम।
तुम्हीं से है हर सुबह तुम्ही से शाम प्रभु,
करते है हम शुरु आज का काम प्रभु।
सुबह सवेरे लेकर तेरा......

## बिहार राज्य गीत

मेरे भारत के कंठहार ,
तुझको शत-शत वंदन बिहार..!

तू वाल्मीकि की रामायण
तू वैशाली का लोकतंत्र,
तू बोधिसत्व की करूणा है
तू महावीर का शांतिमंत्र
तू नालंदा का ज्ञानदीप
तू हीं अक्षत चंदन बिहार

तू है अशोक की धर्मध्वजा
तू गुरूगोविंद की वाणी है
तू आर्यभट्ट तू शेरशाह
तू कुंवर सिंह बलिदानी है
तू बापू की है कर्मभूमि
धरती का नंदन वन बिहार।

तेरी गौरव गाथा अपूर्व
तू विश्व शांति का अग्रदूत
लौटेगा खोया स्वाभिमान
अब जाग चुके तेरे सपूत
अब तू माथे का विजय तिलक
तू आँखों का अंजन बिहार
तुझको शत-शत वंदन बिहार
मेरे भारत के कंठहार ॥

## राष्ट्रीय गीत (190 सेकंड)

वन्दे मातरम्।
सुजलां सुफलां मलयजशीतलाम्,
शस्यश्यामलां मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
शुभ्रज्योत्स्ना पुलकित यामिनीम्,
फुल्लकुसुमित द्रुमदलशोभिनीम्,
सुहासिनीं सुमधुर भाषिणीम्,
सुखदां वरदां मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
कोटि-कोटि कण्ठ कलकल निनाद कराले,
कोटि-कोटि भुजैर्धृत खरकरवाले,
अबला केनो मा एतो बले?
बहुबलधारिणीं नमामि तारिणीं,
रिपुदलवारिणीं मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
त्वं हि विद्या, त्वं हि धर्म,
त्वं हि हृदि, त्वं हि मर्म,
त्वं हि प्राणाः शरीरे।
बाहुते त्वं मा शक्ति,
हृदये त्वं मा भक्ति,
तोमारइ प्रतिमा गढ़ि
मन्दिरे-मन्दिरे।
वन्दे मातरम्॥
त्वं हि दुर्गा दशप्रहरणधारिणी,
कमला कमलदलविहारिणी,
वाणी विद्यादायिनी नमामि त्वाम्।
नमामि कमलाम् अमलाम् अतुलाम्,
सुजलां सुफलां मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
श्यामलां सरलां सुस्मितां भूषिताम्,
धरणीं भरणीं मातरम्।
वन्दे मातरम्॥

## राष्ट्रगान

जन-गण-मन अधिनायक जय हे
भारत-भाग्य-विधाता।
पंजाब-सिंधु-गुजरात-मराठा
द्रविड़-उत्कल-बंग।
विंध्य-हिमाचल-यमुना-गंगा
उच्छल-जलधि-तरंग।
तव शुभ नामे जागे,
तव शुभ आशिष मांगे,
गाहे तव जय-गाथा।
जन-गण-मंगलदायक जय हे
भारत-भाग्य-विधाता।
जय हे, जय हे, जय हे,
जय जय जय जय हे।।

संकलन:-
शैलेन्द्र कुमार
प्रधान शिक्षक
Govt. PS बोदसर,
बगहा-2, प. चंपारण।



## संविधान की प्रस्तावना

हम, भारत के लोग,
भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों को: सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए, तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता एवं अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर, 1949 ई० (मिति मार्ग शीर्ष शुक्ल सप्तमी, संवत् दो हजार छह विक्रमी) को एतद् द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।

## मौलिक अधिकार

1. "समता का अधिकार (Right to Equality.)" - अनुच्छेद 14–18
2. "स्वतंत्रता का अधिकार - (Right to Freedom.)" - अनुच्छेद 19–22
3. "शोषण के विरुद्ध अधिकार (Right against Exploitation.)" - अनुच्छेद 23–24
4. "धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार (Right to Freedom of Religion.)" - अनुच्छेद 25–28
5. "संस्कृति एवं शिक्षा संबंधी अधिकार (Cultural and Educational Right.)" - अनुच्छेद 29–30
6. "संवैधानिक उपचारों का अधिकार (Right to Constitutional Remedies.)" - अनुच्छेद 32

## मौलिक कर्तव्य

अनुच्छेद 51(क) – मौलिक कर्तव्य:
भारत के प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि वह –
(1.) संविधान का पालन करे और उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज और राष्ट्रगान का आदर करे;
(2.) स्वतन्त्रता के लिए हमारे राष्ट्रीय आन्दोलन को प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शों को हृदय में संजोए रखे और उनका पालन करे;
(3.) भारत की प्रभुता, एकता और अखण्डता की रक्षा करे और उसे अक्षुण्ण रखे;
(4.) देश की रक्षा करे और आह्वान किए जाने पर राष्ट्र की सेवा करे;
(5.) भारत के सभी लोगों में समरसता और समान भ्रातृत्व की भावना का निर्माण करे जो धर्म, भाषा और प्रदेश या वर्ग पर आधारित सभी भेदभाव से परे हो; ऐसी प्रथाओं का त्याग करे जो स्त्रियों के सम्मान के विरुद्ध हैं;
(6.) हमारी सामासिक संस्कृति की गौरवशाली परम्परा का महत्त्व समझे और उसका परिरक्षण करे;
(7.) प्राकृतिक पर्यावरण, जिसके अंतर्गत वन, झील, नदी और वन्य जीव हैं, की रक्षा करे और उसका संवर्धन करे तथा प्राणिमात्र के प्रति दयाभाव रखे;
(8.) वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानववाद और ज्ञानार्जन तथा सुधार की भावना का विकास करे;
(9.) सार्वजनिक सम्पत्ति की रक्षा करे और हिंसा से दूर रहे;
(10.) व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में उत्कर्ष की ओर बढ़ने का सतत प्रयास करे जिससे राष्ट्र निरन्तर बढ़ते हुए प्रयत्नों द्वारा उन्नति की नई ऊँचाइयों को छू ले;
(11.) यदि वह माता-पिता या संरक्षक है, तो छह वर्ष से चौदह वर्ष तक की आयु वाले अपने, यथास्थिति, बच्चे या प्रतिपाल्य को शिक्षा के अवसर प्रदान करे।

# वर्ग:- प्राथमिक (1 - 5) के लिए

# सामान्य-ज्ञान

प्रश्न 1: अल्बानिया की राजधानी क्या है?
उत्तर: तिराना
प्रश्न 2: चंद्रमा की सतह पर गड्ढे (क्रेटर) कैसे बने?
उत्तर: अंतरिक्ष से आने वाले उल्कापिंडों (धूमकेतु/क्षुद्रग्रह) के टकराने से।
प्रश्न 3: पश्चिम बंगाल के 'काली पूजा' के दिन मिट्टी की काली माँ की मूर्तियों के साथ किस पशु की मूर्ति भी रखी जाती है?
उत्तर: शेर (या सिंह) - क्योंकि काली माँ शेर पर सवार हैं।
प्रश्न 4: एक बस 2 घंटे में 90 किमी चलती है। उसकी औसत चाल किमी/घंटा में बताओ।
उत्तर: 45 किमी/घंटा (चाल = दूरी/समय = 90/2)
प्रश्न 5: बिहार में 'गया' शहर के पास किस नदी के किनारे पितरों के लिए 'पिंड दान' किया जाता है?
उत्तर: फल्गु नदी (निरंजना नदी)
प्रश्न 6: भारत का वह राष्ट्रीय उद्यान कौन सा है जो 'स्लॉथ बीयर' के लिए सबसे प्रसिद्ध है?
उत्तर: दरवा राष्ट्रीय उद्यान (छत्तीसगढ़) या सज्जनगढ़ राष्ट्रीय उद्यान (राजस्थान)
प्रश्न 7: 'टॉर्च' में बिजली कहाँ से आती है? (साधारण टॉर्च)
उत्तर: ड्राई सेल (शुष्क सेल) या बैटरी से।
प्रश्न 8: भारत के संविधान के किस अनुच्छेद में 'अस्पृश्यता का अंत' किया गया है?
उत्तर: अनुच्छेद 17
प्रश्न 9: 'जो बिना नींद के रहे' – अनेक शब्दों के लिए एक शब्द बताएं।
उत्तर: अनिद्र
प्रश्न 10: कौन सा पक्षी अपनी चोंच से पेड़ों को काटकर अपना घर बनाता है?
उत्तर: कठफोड़वा (Woodpecker)

संकलन:-

पिन्टू कुमार
विद्यालय अध्यापक
UHS रामपुर, बगहा-2

# शब्द - संगम

1. Myself – (मायसेल्फ) – मैं स्वयं / खुद
2. Yourself – (योरसेल्फ) – तुम स्वयं / आप स्वयं
3. Himself – (हिमसेल्फ) – वह स्वयं (लड़का)
4. Herself – (हरसेल्फ) – वह स्वयं (लड़की)
5. Itself – (इटसेल्फ) – वह स्वयं (वस्तु / जानवर)


संकलन:-
सौरभ कुमार
विद्यालय अध्यापक
Govt. UMS गोइती
बगहा-2, प. चम्पारण

# English गप-शप

थीम: "हम ... हैं" (We are ...)

हम खुश हैं। – We are happy.
हम ठीक हैं। – We are fine.
हम तैयार हैं। – We are ready.
हम व्यस्त हैं। – We are busy.
हम सुरक्षित हैं। – We are safe.


संकलन:-
सुनील कुमार राम
प्रधान शिक्षक
Govt. PS चिउटाहां
बगहा-2, प. चम्पारण

# "सामान्य-ज्ञान"(वर्ग:6-12)

1. आज 06 अप्रैल को 'विकास और शांति के लिए खेल का अंतरराष्ट्रीय दिवस' मनाया जाता है। आधुनिक ओलंपिक खेलों की शुरुआत आज ही के दिन किस वर्ष हुई थी? (दिवस ज्ञान)
उत्तर: 1896
व्याख्या: 6 अप्रैल 1896 को ग्रीस की राजधानी एथेंस में पहले आधुनिक ओलंपिक खेलों का उद्घाटन हुआ था। यह दिवस खेलों के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन, सामुदायिक विकास और शांति को बढ़ावा देने की शक्ति को रेखांकित करता है। खेलों में भाग लेना शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ टीम भावना और अनुशासन भी सिखाता है।
संदर्भ: अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (IOC) इतिहास; संयुक्त राष्ट्र।

2. हाल ही में 'बिहार सरकार' ने किस जिले में 'राज्य का पहला हस्तशिल्प संग्रहालय' (Handicraft Museum) आम जनता के लिए खोलने की घोषणा की है? (समसामयिकी)
उत्तर: पटना
व्याख्या: अप्रैल 2026 में पटना के 'उपेंद्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान' परिसर में बने इस संग्रहालय को पूरी तरह क्रियाशील कर दिया गया है। यहाँ बिहार की पारंपरिक कलाओं जैसे सूजनी, टिकुली और बांस शिल्प के दुर्लभ संग्रह प्रदर्शित किए गए हैं। यह बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक स्तर पर प्रदर्शित करने का प्रयास है।
संदर्भ: संस्कृति विभाग, बिहार सरकार (अप्रैल 2026)।

3. "अमरकोश" नामक सुप्रसिद्ध संस्कृत शब्दकोश के रचयिता कौन हैं, जो चंद्रगुप्त विक्रमादित्य के 'नवरत्नों' में से एक थे? (पुस्तक - लेखक)
उत्तर: अमर सिंह
व्याख्या: अमर सिंह द्वारा रचित 'अमरकोश' संस्कृत का सबसे लोकप्रिय और महत्वपूर्ण पर्यायवाची शब्दकोश है। इसे 'त्रिकांड' भी कहा जाता है क्योंकि यह तीन खंडों में विभाजित है। यह ग्रंथ प्राचीन भारतीय ज्ञान-विज्ञान और शब्दावली को समझने का एक अनिवार्य आधार है।
संदर्भ: NCERT कक्षा 6 इतिहास, अध्याय 1, पृष्ठ 8।

4. 'पारिस्थितिकी तंत्र' में ऊर्जा का प्राथमिक स्रोत क्या है, जिससे पौधे अपना भोजन तैयार करते हैं? (पर्यावरण)
उत्तर: सूर्य (Sun)
व्याख्या: सभी पारिस्थितिक तंत्रों में ऊर्जा का एकमात्र प्राथमिक स्रोत सूर्य का प्रकाश है। हरे पौधे प्रकाश संश्लेषण द्वारा इस सौर ऊर्जा को रासायनिक ऊर्जा में बदलते हैं, जो खाद्य श्रृंखला के माध्यम से अन्य सभी जीवों तक पहुँचती है। इसके बिना पृथ्वी पर जीवन का अस्तित्व संभव नहीं है।
संदर्भ: NCERT कक्षा 10 विज्ञान, अध्याय 15 (हमारा पर्यावरण), पृष्ठ 258।

5. प्राचीन भारतीय इतिहास में 'शिलालेखों' (Inscriptions) के अध्ययन को क्या कहा जाता है? (इतिहास)
उत्तर: एपिग्राफी (Epigraphy)
व्याख्या: शिलालेखों के अध्ययन को पुरालेखशास्त्र या 'एपिग्राफी' कहते हैं। मौर्य सम्राट अशोक के शिलालेख भारतीय इतिहास की जानकारी के सबसे प्रामाणिक स्रोत माने जाते हैं। पत्थर या धातुओं जैसी कठोर सतहों पर उत्कीर्ण ये लेख प्राचीन काल की शासन व्यवस्था और सामाजिक स्थिति का दर्पण हैं।
संदर्भ: NCERT कक्षा 6 इतिहास, अध्याय 1 (क्या, कहाँ, कैसे और कब?), पृष्ठ 9।

# "सामान्य-ज्ञान"

6. भारत का वह कौन सा राज्य है जिसकी सीमा 'नेपाल' और 'भूटान' दोनों देशों को स्पर्श करती है? (भूगोल)

उत्तर: सिक्किम/पश्चिम बंगाल

व्याख्या: सिक्किम एक ऐसा सामरिक राज्य है जो उत्तर में चीन, पश्चिम में नेपाल और पूर्व में भूटान से घिरा है। इसी प्रकार पश्चिम बंगाल की सीमाएं भी नेपाल और भूटान दोनों को स्पर्श करती हैं। भारत की अंतरराष्ट्रीय सीमाओं को समझने के लिए इन राज्यों की भौगोलिक स्थिति अत्यंत महत्वपूर्ण है।

संदर्भ: NCERT कक्षा 9 भूगोल, अध्याय 1 (भारत - आकार और स्थिति), पृष्ठ 6।

7. भारतीय संविधान में 'मूल कर्तव्यों' (Fundamental Duties) को किस देश के संविधान से लिया गया है? (संविधान)

उत्तर: सोवियत संघ (पूर्व USSR)

व्याख्या: 42वें संविधान संशोधन (1976) द्वारा भारतीय संविधान में अनुच्छेद 51A के तहत मूल कर्तव्यों को शामिल किया गया था। ये कर्तव्य नागरिकों को देश के प्रति उनकी सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारियों की याद दिलाते हैं। वर्तमान में हमारे संविधान में कुल 11 मूल कर्तव्य हैं।

संदर्भ: NCERT कक्षा 11 राजनीति विज्ञान, अध्याय 1 (संविधान: क्यों और कैसे?), पृष्ठ 22।

8. वैसी रासायनिक अभिक्रिया जिसमें उत्पाद के निर्माण के साथ-साथ 'ऊष्मा' भी उत्पन्न होती है, क्या कहलाती है? (विज्ञान)

उत्तर: ऊष्माक्षेपी अभिक्रिया

व्याख्या: वैसी अभिक्रियाएँ जिनमें ऊर्जा (ऊष्मा) बाहर निकलती है, उन्हें ऊष्माक्षेपी (Exothermic) अभिक्रिया कहते हैं। उदाहरण के लिए, प्राकृतिक गैस का दहन या श्वसन की प्रक्रिया। जब हम भोजन करते हैं और उसका पाचन होता है, तो वह ऊर्जा मुक्त करता है, जो इसी अभिक्रिया का परिणाम है।

संदर्भ: NCERT कक्षा 10 विज्ञान, अध्याय 1 (रासायनिक अभिक्रियाएँ एवं समीकरण), पृष्ठ 7।

9. प्रसिद्ध 'कंधारिया महादेव मंदिर' का निर्माण चंदेल राजाओं द्वारा किस ऐतिहासिक स्थान पर करवाया गया था? (कला एवं संस्कृति)

उत्तर: खजुराहो

व्याख्या: मध्य प्रदेश के खजुराहो में स्थित यह मंदिर भगवान शिव को समर्पित है और अपनी भव्य वास्तुकला के लिए विश्व प्रसिद्ध है। इसका निर्माण लगभग 999 ईस्वी में राजा धंगदेव ने करवाया था। यह मंदिर भारतीय 'नागर शैली' की वास्तुकला का सबसे उत्कृष्ट उदाहरण माना जाता है।

संदर्भ: NCERT कक्षा 11 (Fine Arts) भारतीय कला का परिचय, अध्याय 6, पृष्ठ 91।

10. बिहार के किस जिले में 'शेरशाह सूरी का मकबरा' स्थित है, जो स्थापत्य कला का एक बेजोड़ नमूना है? (बिहार GK)

उत्तर: सासाराम (रोहतास)

व्याख्या: सासाराम में एक कृत्रिम झील के बीच बना यह अष्टकोणीय मकबरा इंडो-इस्लामिक वास्तुकला का गौरव है। शेरशाह सूरी ने इसे स्वयं अपने जीवनकाल में बनवाना शुरू किया था। इसे 'भारत का दूसरा ताजमहल' भी कहा जाता है और यह बिहार के महान ऐतिहासिक नेतृत्व का प्रतीक है।

संदर्भ: बिहार पर्यटन विभाग; SCERT बिहार कक्षा 7 इतिहास।

# "सामान्य-ज्ञान"

11. सुरक्षित शनिवार (अप्रैल W1): 'अगलगी' की स्थिति में यदि आग छोटी हो, तो उसे बुझाने के लिए किन वस्तुओं का प्रयोग करना चाहिए? (विद्यालय सुरक्षा)
उत्तर: रेत (बालू) या पानी
व्याख्या: आपदा कैलेण्डर 2026 (अप्रैल W1) के अनुसार, अगलगी से बचाव के लिए रसोई और विद्यालय में हमेशा रेत/बालू और पानी तैयार रखना चाहिए। यदि आग तेल या बिजली के कारण न लगी हो, तो पानी का उपयोग करें, अन्यथा रेत डालकर आग पर काबू पाने की कोशिश करें। आग लगने पर तुरंत आपातकालीन नंबर 101 पर कॉल करना चाहिए।
संदर्भ: मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम एवं आपदा जोखिम न्यूनीकरण कैलेण्डर 2026।

12. 8, 27, 64, 125, ? — दी गई श्रेणी में अगली संख्या क्या होगी? (मानसिक योग्यता)
उत्तर: 216
व्याख्या: यह श्रेणी पूर्ण घन संख्याओं (n^3) पर आधारित है:


GK संकलन:-
शैलेन्द्र कुमार
प्रधान शिक्षक
Govt. PS बोदसर
बगहा-2, प. चम्पारण ।




अनुभाग-4

# -: शब्द - संगम :-

Persist (पर्सिस्ट) = Continue (कंटिन्यू) = जारी रखना / डटे रहना
🔁 Antonym – Quit (क्विट) = छोड़ देना
Quaint (क्वेन्ट) = Unique (यूनिक) = अनोखा / आकर्षक
🔁 Antonym – Ordinary (ऑर्डिनरी) = साधारण
Refine (रिफाइन) = Improve (इम्प्रूव) = सुधारना
🔁 Antonym – Worsen (वॉर्सन) = बिगाड़ना
Sturdy (स्टर्डी) = Strong (स्ट्रॉन्ग) = मजबूत
🔁 Antonym – Weak (वीक) = कमजोर
Thrive (थ्राइव) = Flourish (फ्लरिश) = फलना-फूलना
🔁 Antonym – Decline (डिक्लाइन) = गिरना / कमजोर होना




~: संकलन :~
राकेश कुमार राव
प्रधानाध्यापक
PMश्री +2 NGY उच्च विद्यालय
वाल्मीकिनगर, बगहा-2 , प. चम्पारण ।

# "आज का अख़बार"

## NATIONAL NEWS

**Prime Minister launches 'Sagar-Manthan 2.0' Dashboard for real-time monitoring of Indian Ports and Maritime Trade efficiency.**
**प्रधानमंत्री ने भारतीय बंदरगाहों और समुद्री व्यापार दक्षता की रीयल-टाइम निगरानी के लिए 'सागर-मंथन 2.0' डैशबोर्ड लॉन्च किया; समुद्री लॉजिस्टिक्स में भारत को वैश्विक केंद्र बनाने का लक्ष्य।**

**NCERT and UNESCO announce 'Heritage Education' integration in National Curriculum Framework (NCF) to promote cultural literacy.**
**एनसीईआरटी और यूनेस्को ने सांस्कृतिक साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (NCF) में 'विरासत शिक्षा' को एकीकृत करने की घोषणा की।**

**India successfully conducts user trials of 'HELINA-Dhruvastra' Anti-Tank Guided Missile from Advanced Light Helicopter (ALH).**
**भारत ने उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर (ALH) से 'हेलिना-ध्रुवास्त्र' एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल का सफल यूजर ट्रायल पूरा किया; डीआरडीओ की स्वदेशी रक्षा मारक क्षमता में बड़ी वृद्धि।**

## INTERNATIONAL NEWS

**UN Human Rights Council adopts 'Universal Principles on AI Privacy' to protect digital identities from unauthorized deepfakes.**
**संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद ने अनधिकृत डीपफेक से डिजिटल पहचान की रक्षा के लिए 'एआई गोपनीयता पर सार्वभौमिक सिद्धांत' अपनाए।**

**BBC Report: Arctic Council warns of 'Blue Ocean Event' by 2028; calls for global carbon-sequestration targets to be doubled.**
**बीबीसी रिपोर्ट: आर्कटिक परिषद ने 2028 तक 'ब्लू ओशन इवेंट' (बर्फ मुक्त आर्कटिक) की चेतावनी दी; वैश्विक कार्बन-सीक्वेस्ट्रेशन लक्ष्यों को दोगुना करने का आह्वान।**

**Global Health Alliance announces 'Universal Malaria Vaccine' distribution plan for 10 high-burden nations in Africa and SE Asia.**
**ग्लोबल हेल्थ एलायंस ने अफ्रीका और दक्षिण पूर्व एशिया के 10 उच्च-बोझ वाले देशों के लिए 'यूनिवर्सल मलेरिया वैक्सीन' वितरण योजना की घोषणा की।**

## BIHAR NEWS

**Bihar Government signs MoU with SCERT to set up 'Digital Smart Labs' in 1500 Middle Schools to enhance rural STEM skills.**
**बिहार सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में विज्ञान और तकनीक शिक्षा को मजबूत करने के लिए 1500 मध्य विद्यालयों में 'डिजिटल स्मार्ट लैब' स्थापित करने हेतु एससीईआरटी के साथ समझौता किया।**

**Patna High Court mandates 'Green Building Standards' for all new Government educational infrastructure across the state.**
**पटना उच्च न्यायालय ने राज्य भर में सभी नए सरकारी शैक्षणिक बुनियादी ढांचे के लिए 'ग्रीन बिल्डिंग मानकों' को अनिवार्य कर दिया है।**

## SPORTS NEWS

**Indian Weightlifter Mirabai Chanu wins Gold at Asian Weightlifting Championships 2026; sets new Continental Record in Snatch.**
**भारतीय भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप 2026 में स्वर्ण पदक जीता; स्नैच श्रेणी में नया महाद्वीपीय रिकॉर्ड बनाया।**

**Sports Authority of India (SAI) launches 'Target Junior Podium Scheme (TJPS)' to train 500 sub-junior athletes for 2032 Olympics.**
**भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) ने 2032 ओलंपिक के लिए 500 सब-जूनियर एथलीटों को प्रशिक्षित करने हेतु 'टारगेट जूनियर पोडियम स्कीम (TJPS)' लॉन्च की।**



**संकलन:-**
**शैलेन्द्र कुमार**
**प्रधान शिक्षक**
**रा.प्रा.वि. बोदसर,**
**बगहा-2, प. चम्पारण ।**

**✍️ संदेश:**

**"करेंट अफेयर्स का नियमित अध्ययन ही प्रतियोगी सफलता की सबसे मजबूत नींव है।"**

## प्रेरक प्रसंग

# "खेल का असली सबक"

6 अप्रैल की सुबह थी। विद्यालय का मैदान बच्चों की उत्साह भरी आवाज़ों से गूंज रहा था। आज खेल एवं शांति के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर विशेष खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई थी।

प्रार्थना के बाद प्रधानाध्यापक महोदय ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा—

“बच्चों, खेल हमें केवल जीतना नहीं सिखाते, बल्कि यह हमें अनुशासन, टीमवर्क और इंसानियत का पाठ भी पढ़ाते हैं।”

इसके बाद फुटबॉल मैच शुरू हुआ। दो टीमें थीं—नीला दल और हरा दल। खेल पूरे जोश और उत्साह के साथ चल रहा था। नीला दल आगे था और जीत के करीब दिखाई दे रहा था।

तभी अचानक हरे दल का खिलाड़ी अंश गिर पड़ा। कुछ खिलाड़ी खेल में आगे बढ़ने लगे, लेकिन नीला दल के कप्तान रवि ने तुरंत खेल रोक दिया और अंश की ओर दौड़ा।

रवि ने अपने साथियों से कहा—

“पहले हम इंसान हैं, खिलाड़ी बाद में। जीत तो फिर भी मिल सकती है, लेकिन किसी की मदद करना सबसे जरूरी है।”

यह सुनकर दोनों टीमों के खिलाड़ी एक साथ आ गए। उन्होंने मिलकर अंश को उठाया, उसे पानी दिया और आराम करने में मदद की। थोड़ी देर बाद अंश ठीक हो गया।

अब खेल फिर से शुरू हुआ, लेकिन इस बार माहौल अलग था। सभी खिलाड़ियों के बीच आपसी सम्मान और सहयोग साफ दिखाई दे रहा था।

मैच के अंत में हरा दल जीत गया, लेकिन प्रधानाध्यापक महोदय मुस्कुराते हुए बोले—

“आज जीत किसी एक टीम की नहीं, बल्कि खेल भावना और इंसानियत की हुई है।”

सभी बच्चों ने तालियों के साथ इस बात का स्वागत किया।

संदेश : “खेल का असली सबक यही है कि सच्ची जीत दूसरों का दिल जीतने में है।”



................✍️
**मनोज कुमार**
प्रधानाध्यापक
रा.म.वि.वाल्मीकिनगर
बगहा 2, प. चम्पारण।

अनुभाग-7

# "शिक्षक संवर्धन"

## "बहु-बुद्धि सिद्धांत (Multiple Intelligences) का महत्व"

विद्यालयों में अक्सर यह देखा जाता है कि कुछ बच्चे पढ़ाई में बहुत अच्छे होते हैं, जबकि कुछ अन्य बच्चे खेल, संगीत, चित्रकला या किसी अन्य गतिविधि में अधिक रुचि और क्षमता दिखाते हैं। पारंपरिक शिक्षा प्रणाली में लंबे समय तक केवल भाषा और गणित की क्षमता को ही "बुद्धि" का मापदंड माना जाता रहा, लेकिन मनोवैज्ञानिक Howard Gardner ने इस सोच को बदलते हुए बहु-बुद्धि सिद्धांत (Multiple Intelligences Theory) प्रस्तुत किया।

इस सिद्धांत के अनुसार हर बच्चे में एक ही प्रकार की बुद्धि नहीं होती, बल्कि विभिन्न प्रकार की बुद्धियाँ होती हैं, जैसे—

भाषाई बुद्धि (Linguistic Intelligence) – पढ़ने, लिखने और बोलने की क्षमता

तार्किक-गणितीय बुद्धि (Logical-Mathematical Intelligence) – तर्क और गणना की क्षमता

दृश्य-स्थानिक बुद्धि (Visual-Spatial Intelligence) – चित्र, आकृति और डिजाइन को समझने की क्षमता

शारीरिक-गतिशील बुद्धि (Bodily-Kinesthetic Intelligence) – खेल और शारीरिक गतिविधियों में दक्षता

संगीतात्मक बुद्धि (Musical Intelligence) – संगीत और ध्वनि की समझ

अंतरव्यक्तिक बुद्धि (Interpersonal Intelligence) – दूसरों के साथ अच्छा व्यवहार और सहयोग

अंतरात्मिक बुद्धि (Intrapersonal Intelligence) – स्वयं को समझने की क्षमता

प्राकृतिक बुद्धि (Naturalistic Intelligence) – प्रकृति और पर्यावरण को समझने की क्षमता

इस सिद्धांत का सबसे बड़ा महत्व यह है कि यह हमें यह समझने में मदद करता है कि हर बच्चा अपने आप में विशेष और अलग होता है। इसलिए सभी बच्चों से एक जैसी अपेक्षा करना उचित नहीं है। उदाहरण के लिए यदि कोई बच्चा गणित में कमजोर है, लेकिन चित्रकला में बहुत अच्छा है, तो उसे "कमजोर" कहना गलत होगा। उसकी प्रतिभा को पहचानकर उसे प्रोत्साहित करना ही सही शिक्षा का उद्देश्य होना चाहिए।

बिहार के विद्यालयों में पूर्व से हीं यह समझ विकसित है कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए केवल पुस्तकीय ज्ञान ही नहीं, बल्कि उनकी अन्य क्षमताओं को भी महत्व देना आवश्यक है। "निपुण बिहार" और अन्य शैक्षिक कार्यक्रमों के अंतर्गत गतिविधि आधारित शिक्षण, खेल, कला और संगीत को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे बच्चों की विभिन्न प्रकार की बुद्धियों का विकास हो सके।

शिक्षकों के लिए यह आवश्यक है कि वे कक्षा में विविध प्रकार की गतिविधियाँ आयोजित करें, ताकि हर बच्चे को अपनी क्षमता दिखाने का अवसर मिल सके। जैसे—कहानी सुनाना, चित्र बनवाना, समूह चर्चा, नाटक, खेल आदि। इससे कक्षा अधिक जीवंत और समावेशी बनती है।

अंततः कहा जा सकता है कि बहु-बुद्धि सिद्धांत शिक्षा को अधिक मानवीय और समावेशी बनाता है। यह हमें सिखाता है कि हर बच्चा अपने आप में अनूठा है और उसमें कुछ विशेष करने की क्षमता है। यदि शिक्षक इस दृष्टिकोण को अपनाएँ, तो वे प्रत्येक बच्चे की प्रतिभा को पहचानकर उसे आगे बढ़ने का सही अवसर प्रदान कर सकते हैं।

.................✍️
मनोज कुमार झा
प्रधानाध्यापक
राज़कीयकृत म.वि. सर्वोदय
बेतिया, प. चम्पारण।



आइए, हम मिलकर छात्रों के ज्ञान, प्रेरणा और जिज्ञासा को नयी दिशा दें। 🌿🙏

# "पाठक पृष्ठ"

## बिहार का 'नियाग्रा' : ककोलत जलप्रपात

क्या आप जानते हैं कि बिहार में भी एक ऐसा प्राकृतिक नगीना है जिसे "बिहार का नियाग्रा" कहा जाता है? जी हाँ, हम बात कर रहे हैं नवादा के ककोलत जलप्रपात की!
यह जलप्रपात बिहार राज्य के नवादा शहर से लगभग 33 किलोमीटर की दूरी पर गोविंदपुर ब्लॉक के एकतारा *(ककोलत)* की पहाड़ियों के बीच स्थित है,
ये पहाड़ियां छोटा नागपुर पठार के उत्तरी किनारे पर स्थित हैं।
यह जलप्रपात लोहाबर नदी के मार्ग में आता है। यह क्षेत्र पुरानी कठोर चट्टानों से बना है।यहाँ नदी की जलधारा लगभग 150 से 160 फीट की ऊंचाई से गिरती है, जिससे यहाँ एक गहरा और ठंढा प्राकृतिक कुंड बन गया है।झरने की भव्यता और ऊंचाई से गिरते पानी के दृश्य की तुलना कुछ लोग अमेरिका के प्रसिद्ध *'नियाग्रा फॉल्स'* से करते हैं, इसलिए इसे "बिहार का नियाग्रा" भी कह दिया जाता है। जहाँ पर्यटक स्नान का आनंद लेते हैं। ककोलत जल प्रपात का पानी साल भर काफी ठंडा रहता है। भीषण गर्मी के मौसम में भी यहाँ का तापमान बहुत सुखद होता है, इसलिए यह बिहार के सबसे लोकप्रिय पर्यटन स्थलों में से एक है।यहाँ के आसपास का क्षेत्र घने जंगलों और वनस्पतियों से घिरा हुआ है, जो इसे एक समृद्ध जैव-विविधता वाला क्षेत्र बनाता है, विशेष रूप से गर्मियों में और 'सतुआनी' (बैसाखी) के त्योहार के दौरान यहाँ भारी भीड़ उमड़ती है। मान्यताओं और पौराणिक कथाओं के अनुसार, त्रेता युग में एक राजा को ऋषि के श्राप के कारण अजगर बनना पड़ा था और वह इसी जलप्रपात में रहता था। पांडवों ने अपने वनवास के दौरान यहाँ का दौरा किया था और उस राजा को श्राप से मुक्ति दिलाई थी। इसी याद में यहाँ चैत संक्रांति के अवसर पर एक बड़ा मेला भी लगता है।
गर्मी की छुट्टियों के लिए यह एक बेहतरीन पर्यटन स्थल है! अगर आप बिहार की खूबसूरती को करीब से देखना चाहते हैं, तो ककोलत की यात्रा ज़रूर करें।






**श्याम कुमार**
विद्यालय अध्यापक (BPSC)
रा. उच्च. मा. वि. रामपुर
बगहा -2, प. चम्पारण

# कैरियर मार्गदर्शन श्रृंखला: पत्र संख्या - 24

## "(मैट्रिक के बाद – Dairy Technology Diploma)"

## 'संपादकीय'

प्रिय विद्यार्थियों,

यदि आपकी रुचि मीडिया, पत्रकारिता, लेखन, एंकरिंग, डिजिटल कंटेंट और जनसंचार में है, तो Mass Communication / Journalism (BJMC/BMC) एक आधुनिक और तेजी से विकसित होता करियर विकल्प है। इस कोर्स में समाचार लेखन (News Writing), रिपोर्टिंग, एडिटिंग, टीवी एंकरिंग, रेडियो जॉकी (RJ), डिजिटल मीडिया, सोशल मीडिया मैनेजमेंट, पब्लिक रिलेशन (PR) आदि का प्रशिक्षण दिया जाता है।

अर्हता: 12वीं उत्तीर्ण (किसी भी संकाय से); अच्छे कम्युनिकेशन स्किल और भाषा पर पकड़ आवश्यक।

नामांकन प्रक्रिया: अधिकतर विश्वविद्यालयों में मेरिट/प्रवेश परीक्षा के आधार पर ऑनलाइन आवेदन के माध्यम से प्रवेश।

**बिहार के प्रमुख सरकारी संस्थान:**

Patna University – (Department of Journalism & Mass Communication)
Aryabhatta Knowledge University (संबद्ध कॉलेज)

**देश के प्रमुख सरकारी संस्थान:**

Indian Institute of Mass Communication – iimc.gov.in
Jamia Millia Islamia – (AJK Mass Communication Research Centre)
Banaras Hindu University – bhu.ac.in

कोर्स अवधि: 3 वर्ष (स्नातक स्तर)।

**रोजगार की संभावना:**

न्यूज चैनल, अखबार, डिजिटल मीडिया प्लेटफॉर्म, रेडियो, फिल्म/टीवी प्रोडक्शन, पब्लिक रिलेशन एजेंसी, सोशल मीडिया कंपनियाँ। प्रारंभिक वेतन ₹15,000–35,000 प्रति माह, अनुभव और पहचान के साथ आय में तेजी से वृद्धि।

**आगे के अवसर:**

MJMC (Master in Journalism & Mass Communication), फिल्म मेकिंग, डिजिटल कंटेंट क्रिएशन, यूट्यूब/मीडिया स्टार्टअप।

**वित्तीय सहायता:**

बिहार सरकार की स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना (drcc.bihar.gov.in) के अंतर्गत सहायता उपलब्ध है। छात्रवृत्ति हेतु National Scholarship Portal – scholarships.gov.in पर आवेदन करें।

संक्षिप्त सलाह: यदि आप समाज की आवाज बनना, समाचार प्रस्तुत करना या डिजिटल मीडिया में पहचान बनाना चाहते हैं, तो यह कोर्स आपके लिए रचनात्मक और प्रभावशाली करियर का मार्ग खोल सकता है।

अगले पत्र में – मैट्रिक के बाद : Fashion Designing (Diploma)।

...........✍️

**शैलेन्द्र कुमार**
**प्रधान शिक्षक**
**रा.प्रा.वि. बोदसर, बगहा-2**



अनुभाग-9

# "मेरा विद्यालय मेरी प्रतिष्ठा"

## रा.प्रा.वि. बोदसर, बगहा- 2

मुजफ्फरपुर, बुधवार
01 अप्रैल, 2026
नगर संस्करण *******
मूल्य ₹ 4.00
पृष्ठ 16

**दैनिक जागरण**

www.jagran.com
बिहार, झारखंड, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश व प. बंगाल से प्रकाशित

# अभिभावक शिक्षक गोष्ठी में बांटे गए मूल्यांकन परिणाम



राजकीय प्राथमिक विद्यालय बोदसर में अभिभावक शिक्षक गोष्ठी में मेधावी छात्राओं को मेडल व प्रगति पत्रक देकर सम्मानित करते प्रधानाध्यापक व शिक्षक ● सौ. प्रधानाध्यापक

**संवाद सूत्र, जागरण ● बगहा**: राजकीय प्राथमिक विद्यालय बोदसर में सोमवार को अभिभावक शिक्षक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के छात्रों का वार्षिक मूल्यांकन परिणाम जारी कर अभिभावकों के बीच वितरित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य थीम "प्रवेश से प्रगति तक" रखा गया, जिसमें बच्चों की शैक्षणिक प्रगति पर विशेष चर्चा की गई। गोष्ठी के दौरान अभिभावकों को बच्चों की पढ़ाई, उपस्थिति और व्यवहार संबंधी जानकारी दी गई। साथ ही अभिभावकों से बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहयोग की अपील की गई। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को मेडल एवं प्रगति पत्रक देकर सम्मानित किया गया। इससे बच्चों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। विद्यालय के प्रधानाध्यापक शैलेंद्र कुमार ने बताया कि मेरे विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अभिभावकों और शिक्षकों के सामूहिक सहयोग से ही बच्चों का बेहतर भविष्य सुनिश्चित किया जा सकता है। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



**शैलेन्द्र कुमार**
**प्रधान शिक्षक (BPSC**
**रा.प्रा.वि. बोदसर**
**बगहा -2, प. चम्पारण**



**आइए, हम मिलकर छात्रों के ज्ञान, प्रेरणा और जिज्ञासा को नयी दिशा दें। 🌿🙏**

Reg. No. BR/2025/0487469

# "चम्पारण-ज्ञानाग्रह"

## आइए, हम मिलकर छात्रों के ज्ञान, प्रेरणा और जिज्ञासा को नयी दिशा दें। 🌿🙏

# Thank You..

## बच्चों के हितार्थ अपना बहुमूल्य समय देने के लिए...!!!




**संपादक:-**

**शैलेन्द्र कुमार**

'प्रधान शिक्षक'

Govt. PS बोदसर,

बगहा-2, प. चम्पारण।

(10010803702)

📱-9939671700


अगर आपके मन में कोई नया विचार, कोई इवेंट, कोई एक्टिविटी या किसी बदलाव की पहल है, तो कृपया टीम में बताइए।


+917250818080

teachersofbihar@gmail.com

+917250818080

www.teachersofbihar.org